नवदुनिया
भोपाल, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025

# मप्र एथलेटिक्स का 102 सदस्यीय दल भुवनेश्वर रवाना



तात्या टोपे स्टेडियम में मप्र टीम के सदस्य आयोजन समिति एवं शिकायत निवारण समिति के सदस्य मुमताज़ खान के साथ। • सौजन्य: आयोजक

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः 40वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 10 से 14 अक्टूबर को आयोजित हो रही है। इसमें मप्र एथलेटिक्स एसोसिएशन का 102 सदस्यीय दल राजधानी से रवाना हो गया है। गत वर्ष इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के मोहित यादव, विनोद सिंह, अंशु पटेल व देव मीणा ने अपने-अपने इवेंट में स्वर्ण पदक जीते थे। मध्य प्रदेश की टीम को एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के वेस्ट ज़ोन के अध्यक्ष मुमताज़ खान के साथ मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अर्जुनन मुरलीधर, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाल, एमपी राव, प्रशिक्षक अमित गौतम, एसके प्रसाद, संदीप सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## 32 एथलीट शामिल

**बालक:** आशीष कुमार यादव, अभय सिंह, आदिल हाशमी, रंजीत, हेमंत सिंह ,वैदिक तिवारी, अब्दुल रहमान, यशराज जैन, कृष्णा चंद्र, अर्पित पटेल, अवधेश, आदर्श मोर्या, ध्रुव अहिरवार, नागर सिंह, कृष्णा यादव, प्रिंस परमार, नितिन पाल, सूर्यांश, अभिषेक सिंह, संदीप यादव, प्रशांत, हिमांशु शर्मा, वंश मीणा, रिषभ, शेख जीशान, गौरव, शारिक, कार्तिक, शिवेंद्र सिंह व रिषी।

**बालिका:** शाहिबा बानो, पायल यादव, नितिका आकरे, श्रुति राठौर, शिवानी पटेल, मानसी, हीरालाल, शालिनी साकेत, सृष्टि, राधा यादव, सोनम परमार, रंजना यादव, शांति बाई।

**प्रशिक्षक:** एसके प्रसाद, एंजेल गैरासिया, अमित गौतम, क्षिप्रा मसीह।

दैनिक भास्कर, भोपाल, शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2

# भुवनेश्वर जूनियर एथलेटिक्स में मप्र 102 एथलीट उतारेगा



भोपाल। शुक्रवार से भुवनेश्वर में शुरू हो रही 40वीं जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन ने मध्य प्रदेश के 102 सदस्यीय दल को रवाना किया। गत वर्ष इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के मोहित यादव, विनोद सिंह, अंशु पटेल, और देव मीणा ने अपने - अपने इवेंट में गोल्ड जीते थे। रवानगी से पहली सभी खिलाड़ी टीटी नगर स्टेडियम में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के वेस्ट जोन के अध्यक्ष व निडज्जाम आयोजन समिति एवं शिकायत निवारण समिति के सदस्य मुमताज खान, मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अर्जुनन मुरलीधर, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाल ने किट वितरित की और खिलाड़ियों को आवश्यक समझाइश दी।

भोपाल, 10 अक्टूबर 2025
www.dainikjagranmpcg.com

# जूनियर नेशनल एथलेटिक्स के लिए मध्य प्रदेश का दल रवाना



भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश का 102 सदस्यीय दल 40वें जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गया है। यह चैंपियनशिप 10 से 14 अक्टूबर तक भुवनेश्वर में आयोजित की जा रही है। गत वर्ष इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के मोहित यादव, विनोद सिंह, अंशु पटेल और देव मीणा ने अपने-अपने इवेंट में स्वर्ण पदक जीते थे। मध्यप्रदेश टीम को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के वेस्ट जोन के अध्यक्ष व निडज्जाम आयोजन समिति एवं शिकायत निवारण समिति के सदस्य मुमताज खान, मप्र एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव अर्जुनन मुरलीधर, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पाल और एमपीराव ने शुभकामनाए दी।